# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS



Dr. Manoj Jain
Director

पुलिस | PATWAR
HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF
BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक I[st] ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

16 September 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 16 सितंबर का इतिहास

- **2003 :** भूटान ने भारतीय हितों के खिलाफ अपनी जमीन के इस्तेमाल नही होने देने का आश्वासन दिया।
- **2008 :** भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के कर्मचारियों को विश्वकर्मा पुरस्कार प्रदान किया गया।
- **1882 :** स्वतंत्रता सेनानी बलवंत सिंह का जन्म हुआ।
- **2009 :** दुनिया के समक्ष भारत के एक उत्कृष्ट पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने वाले अतुल्य भारत विज्ञान अभियान को ब्रिटिश पुरस्कार मिला।

## 16 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- आयुर्वेद दिवस 2022 कार्यक्रम का आयोजन 12 सितंबर से 23 अक्टूबर (छह सप्ताह) तक किया जाएगा। आयुष मंत्रालय के तहत अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम की थीम है-हर दिन हर घर आयुर्वेद। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस के लिए AIIA को नोडल एजेंसी बनाया गया है। इस साल की थीम हर घर में समग्र स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर देती है। यह कार्यक्रम 3J-Jan Sandesh, Jan Bhagidari और Jan Aandolan के उद्देश्य के साथ भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की भागीदारी को चिन्हित करेगा।
- मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के बाद एनसीईआरटी ने स्कूल जाने वाले बच्चों ओर किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए प्रारंभिक पहचान और हस्तक्षेप के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। नई दिशानिर्देश के अनुसार हर स्कूल या स्कूलों के समूह को एक मानसिक स्वास्थ्य सलाहकार पैनल स्थापित करना चाहिए। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य करेंगे और शिक्षक, माता-पिता, छात्र और पूर्व छात्र इसके सदस्य होने चाहिए। पैनल मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाएगा और एक उम्र और लिंग उपयुक्त वार्षिक स्कूल मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम लागू करेगा।
- उत्तर कोरिया ने तानाशाह किम जोंग उन ने पिछले दिनों अपने देश को परमाणु हथियारों से लैस देश घोषित कर दिया। किम ने इसके लिए संसद से कानून भी पास करा लिया। इसके साथ ही किम ने घोषणा भी कर दिया कि अगर नॉर्थ कोरिया पर 100 साल के लिए भी प्रतिबंधित कर दिया जाए, तो भी वह अपने परमाणु हथियारों पर काम नहीं छोड़ेगा।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास में बनाये गये स्टार्टअप अग्निकुल कॉस्मॉस प्राइवेट लिमिटेड ने थ्री-डी प्रिंटिंग प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए 3डी प्रिंटेड रॉकेट इंजन के डिजाइन और विनिर्माण के लिए केंद्र सरकार से पेटेंट हासिल किया है। कंपनी द्वारा विकसित अग्निलेट सिंगल पीस 3डी प्रिंटेड रॉकेट इंजन है जिसे पूरी तरह से देश में डिजाइन और विनिर्मित किया गया है।
- एमईआईटीवाई स्टार्टअप हब भारत में एक्सटेंडेड रियलिटी प्रौद्योगिकी स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू करेगा। यह सहयोग उभरती और भविष्य की प्रौद्योगिकियों में कुशल बनाने के सरकार के प्रयासों के तहत आता है। एमईआईटीवाई स्टार्टअप हब एक राष्ट्रीय मंच है जो प्रौद्योगिकी नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक पहल है। एक्सटेंडेड रियलिटी एक ऐसा शब्द है जिसमें ऑगमेंटेड रियलिटी, मिक्स्ड रियलिटी और वर्चुअल रियलिटी शामिल है।
- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत के स्टार्टअप को अमेरिकी निवेशकों से जोड़ने के लिये यहां सेतु नाम से पहल शुरू की। सेतु को अमेरिका में स्थित उन निवेशकों एवं संरक्षकों के बीच भौगोलिक बाधाओं को दूर के लिये तैयार किया गया है जो भारत में उद्यमिता और उभरते स्टार्टअप में निवेश करने को इच्छुक हैं। बैठक में भारतीय स्टार्टअप को शुरूआती दिनों में समर्थन देने के उपयों पर जोर रहा। इस पहल के जरिये भारत में स्टार्टअप को संरक्षण और सहायता के साथ अमेरिका स्थित निवेशकों और स्टार्टअप के दिग्गजों को जोड़ा जाएगा।
- सिंगापुर ने भारत के पूर्व नौसेना प्रमुख लांबा को मेधावी सेवा पदक से सम्मानित किया।
- कार्लोस अल्कराज ने यूएस ओपन 2022 पुरूष एकल चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। 19 वर्षीय कार्लोस का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। इसके साथ ही वह नंबर-1 रैंक हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। अल्कराज ने यूएस फाइनल में नॉर्वे के कैस्पर रूड को हराकर यह उपलब्धि और 2.6 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि अपने नाम की।
- भारतीय नौसेना ने प्रोजेक्ट-17ए के तीसरे स्टील्थ युद्धपोत तारागिरी को मुंबई में लॉन्च किया गया। एक बयान में कहा गया कि यह जहाज एक एकीकृत निर्माण पद्धति का उपयोग करके बनाया गया है जिसमें विभिन्न भौगोलिक स्थानों में हल ब्लॉक निर्माण ओर एमडीएल में स्लिपवे पर एकीकरण और निर्माण शामिल है। युद्धपोत तारागिरी 3510 टन वजनी है।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व ओजोन दिवस (World Ozone Day) प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 सितंबर (B) 16 सितंबर
(C) 18 सितंबर (D) 20 सितंबर

**(B)** ओजोन दिवस हर साल 16 सितंबर को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 19 दिसंबर 1994 में इसे हर साल 16 सितंबर को ओजोन दिवस -International Day for the Preservation of the Ozone Layer के रूप में घोषित किया गया है। ओजोन एक परत का नाम है जो सूर्य से आने वाली पैराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर पड़ने से रोकने का कार्य करती हैं।




**2. मध्यप्रदेश के कुनो नेशनल पार्क में चीता को फिर से लाने की परियोजना का उद्घाटन पीएम मोदी द्वारा कब किया जाएगा ?**

(A) 15 सितंबर (B) 16 सितंबर
(C) 17 सितंबर (D) 18 सितंबर

**(C)** पीएम मोदी 17 सितंबर को मध्यप्रदेश के कुनो नेशनल पार्क में चीता को फिर से लाने की परियोजना का उद्घाटन करेंगे। 70 साल बाद नामीबिया से आठ चीजों को मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के कुनो नेशनल पार्क में भारत में फिर से लाया जाएगा। पीएम मोदी श्योपुर के कराहल में महिला स्वयं सहायता समूहों को भी संबोधित करेंगे।



**3. हाल ही में PhonePe ने कितने मिलियन डेबिट और क्रेडिट कार्डों को टोकन दिया है ?**

(A) 7 मिलियन (B) 9 मिलियन
(C) 11 मिलियन (D) 14 मिलियन

**(D)** हाल ही में भारत में सबसे बड़े फिनटेक प्लेटफॉर्म, फोनपे ने कहा कि 14 मिलियन डेबिट और क्रेडिट कार्ड प्लेटफॉर्म पर टोकन किए गए हैं, जो कि भारतीय रिजर्व बैंक के अनिवार्य कार्ड टोकनाइजेशन के अनुरूप है, जो कि जोखिम को कम करने के लिए एक कदम है।




**4. महत्वपूर्ण संसाधनों की ढुलाई को सक्षम बनाने के लिए भारत के पहले राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक भाड़ा प्लेटफॉर्म 'ई-फास्ट इंडिया' (Electric Freight Accelerator for Susrainable Transport India) को किस संस्थान ने लॉन्च किया है ?**

(A) नीति आयोग (नई दिल्ली) (B) हिंदुस्तान एयरो लिमिटेड (बेंगलुरू)
(C) लार्सन एंड टुब्रो (मुंबई) (D) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (मुंबई)

**(A)** यह प्लेटफॉर्म पूरे फ्रेट इकोसिस्टम से विभिन्न हितधारकों को एक साथ लाता है, यह साझेदारी को मजबूत करने और अभिनव माल ढुलाई समाधानों की पहचान करने और समर्थन करने में मदद करेगा। यह स्केनेबल पायलटों का भी समर्थन करेगा और भारत में माल विद्युतीकरण में तेजी लाने के उद्देश्य से नीतियों को सूचित करेगा।




**5. भारतीय रेलवे का कुल रेवेन्यू अगस्त 2022 के अंत में कितने फीसदी बढ़कर 95,486.58 करोड़ रूपये हो गया ?**

(A) 15 फीसदी (B) 27 फीसदी
(C) 38 फीसदी (D) 42 फीसदी

**(C)** भारतीय रेल की आयु में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। रेलवे का कुल रेवेन्यू अगस्त 2022 के अंत में 38 फीसदी बढ़कर 95,486.58 करोड़ रूपये हो गया। यह आंकड़ा एक साल पहले की समान अवधि में 26,271.29 करोड़ रूपये था। बयान में कहा गया कि रिपोर्टिंग पीरियड में यात्री यातायात से रेवेन्यू 25,276.54 करोड़ रूपये था, जो सालाना आधार पर 116 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। एक साल पहले यह आंकड़ा 13,574.44 करोड़ रूपये था।



**6. स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किस राज्य सरकार ने MRSSA नामक पोर्टल लॉन्च किया है ?**

(A) केरल (B) हरियाणा
(C) मिजोरम (D) मेघालय


**(D)** यह पोर्टल मेघालय राज्य के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ खुफिया जानकारी एकत्र करने और कई सरकारी सेवाओं के वितरण की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए लॉन्च किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से मेघालय राज्य के 6,000 से अधिक गांवों ओर इलाकों को ऑनलाइन प्रणाली से जोड़ा जाएगा।



**7. हाल ही में WHO ने 2030 तक पूरे अफ्रीका में किस बीमारी के लिए एक टीका शामिल करने के लिए 1.5 बिलियन अमरीकी डॉलर का अभियान शुरू किया ?**

(A) बैक्टीरिया मैनिंजाइटिस (B) कोरोना
(C) येलो फीवर (D) टिटनेस


**(A)** हाल ही में WHO ने 2030 तक पूरे अफ्रीका में बैक्टीरिया मैनिंजाइटिस बीमारी के लिए एक टीका शामिल करने के लिए 1.5 बिलियन अमरीकी डॉलर का अभियान शुरू किया। मेनिनजाइटिस एक गंभीर संक्रमण है जो मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के आसपास की सुरक्षात्मक परत को प्रभावित करता है। यह बीमारी बैक्टीरिया, वायरस और फंगी के कारण हो सकती है।




**8. किस अंतरिक्ष एर्जेंसी ने मौसम संबंधी चेतावनी देने के लिए MTG-I1 नामक हाई-टेक उपग्रह का अनावरण किया है ?**

(A) नासा, अमेरिका (B) इसरो, भारत
(C) JAXA जापान (D) ESA यूरोप

**(D)** यह यूरोप का पहला मेटियोसैट थर्ड जेनरेशन इमेजर उपग्रह है, इसे यूरोपीय अंतरिक्ष एर्जेंसी और EUMETSAT नामक यूरोपीय संगठन द्वारा विकसित किया गया है। इस उपग्रह की मदद से दुनिया भर में तबाही मचाने वाली चरम मौसमी घटनाओं की पूर्व चेतावनी देने में तेजी आएगी।



**9. मांस विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने वाला दुनिया का पहला शहर कौनसा शहर बना है?**

(A) परिस (फ्रांस) (B) हार्लेम (नीदरलैंड)
(C) टोक्यो (जापान) (D) न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**(B)** नीदरलैंड के हार्लेम शहर ने मांस की खपत को कम करने और इसके परिणामस्वरूप कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए मांस के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगा दिया है। एम्स्टर्डम के पास 160,000 लोगों को शहर 2024 से बसों, आश्रियों और स्क्रीन जैसे सार्वजनिक स्थानों पर सघन खेती वाले मांस के विज्ञापनों को गैरकानूनी घोषित करने के लिए सहमत हो गया है।



**10. MRI मशीनों में उपयोग की जाने वाली भारत की पहली स्वदेशी सुपरकंडक्टिंग चुंबक प्रणाली को किस संस्थान ने विकसित किया है ?**

(A) इंटर-यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर, नई दिल्ली
(B) भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली
(C) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, नई दिल्ली
(D) बायोलॉजिकल ई-लिमिटेड, हैदराबाद

**(A)** इंटर-यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर नई दिल्ली ने MRI मशीनों ने उपयोग की जाने वाली भारत की पहली स्वदेशी सुपरकंडक्टिंग चुंबक प्रणाली को विकसित किया है। इस तकनीक की मदद से भारत सस्ती घरेलू MRI मशीन विकसित करने में सक्षम बनेगा। इससे पहले भारत की अधिकांश MRI मशीनें वर्तमान में चीन से भारत में निर्यात की जाती है।

